भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 219**

उत्तर देने की तारीख 25 नवंबर, 2024
4 अग्रहायण, 1946 (शक)

## जिला स्तर पर खेल केन्द्र

**219. डॉ. नामदेव किरसान:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार देश में जिला स्तर पर खेल केन्द्र स्थापित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में विभिन्न राज्य सरकारों के साथ कोई परामर्श किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में विभिन्न राज्य सरकारों के क्या परिणाम अथवा प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त प्रयोजनार्थ कोई विशेष निधि प्रदान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) जिला स्तर पर खेल सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों को स्वीकृत और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है, और

(च) क्या सरकार द्वारा की गई पहल देश में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने में लाभकारी होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ग) "खेल" राज्य का विषय होने के कारण, जिला स्तर पर केंद्रों की स्थापना सहित खेलों के संवर्धन और विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों की है। तथापि, केंद्र सरकार अपनी विभिन्न स्कीमों के साथ-साथ भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) द्वारा कार्यान्वित खेल प्रोत्साहन स्कीमों के माध्यम से उनके प्रयासों में सहायता करती है।

खेलो इंडिया स्कीम के तहत, केंद्रों/अकादमियों को खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) के रूप में अधिसूचित करने के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) सरकार से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। तदनुसार, देश भर में 1041 जिला स्तरीय खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) अधिसूचित किए गए हैं । आज की स्थिति के अनुसार, सभी अधिसूचित केआईसी का विवरण “https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers” पर उपलब्ध है।

(घ) और (ई) इस उद्देश्य के लिए कोई विशेष धनराशि जारी नहीं की गई है। तथापि, साई अपने क्षेत्रीय केंद्रों को विभिन्न खेल प्रोत्साहन स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए धनराशि आवंटित करता है। इसके अलावा, खेलो इंडिया स्कीम के तहत राज्यों को जारी की गई धनराशि का विवरण अनुबंध-**I** में दिया गया है।

(च) जी हां। साई विभिन्न आयु समूहों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए देश भर में विभिन्न खेल प्रोत्साहन स्कीमों को लागू करता है। इनमें से कई एथलीट देश के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से आते हैं।

*****

**अनुबंध – I**

**"जिला स्तर पर खेल केन्द्र" के संबंध में माननीय लोकसभा सदस्य डॉ. नामदेव किरसान द्वारा दिनांक 25 नवम्बर, 2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 219 के भाग (घ) और (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I**

**खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) - पिछले तीन वित्तीय वर्षों में जारी धनराशि (राज्यवार)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जारी राशि (₹ में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | वि.व 2020-21 | वि.व 2021-22 | वि.व 2022-23 | वि.व 2023-24 |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (यूटी) | - | - | - | 21,00,000 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4,00,000 | 1,01,00,000 | 1,23,00,000 | 22,88,400 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 12,00,000 | 30,00,000 | - | 4,87,00,000 |
| 4 | असम | - | 2,31,00,000 | - | 4,55,00,000 |
| 5 | बिहार | - | - | - | 3,11,31,935 |
| 6 | चंडीगढ़ (यूटी) | 14,00,000 | 35,00,000 | - | 27,00,000 |
| 7 | छत्तीसगढ | - | 49,00,000 | - | 2,30,16,116 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 2,00,000 | 5,00,000 | 5,00,000 | 25,25,000 |
| 9 | दिल्ली (यूटी) | 8,25,000 | 50,00,000 | 10,50,000 | 83,82,704 |
| 10 | गोवा | - | 14,00,000 | - | 8,18,760 |
| 11 | गुजरात | - | - | 98,00,000 | 1,75,90,566 |
| 12 | हरियाणा | 22,30,000 | 45,00,000 | 1,01,50,000 | 1,78,25,000 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 6,00,000 | 99,25,000 | 15,00,000 | 51,91,600 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर (यूटी) | 2,80,00,000 | 24,99,167 | 2,12,75,000 | 6,46,42,419 |
| 15 | झारखंड | - | - | - | 1,90,48,335 |
| 16 | कर्नाटक | - | 2,17,00,000 | 93,00,000 | 39,95,424 |
| 17 | केरल | 20,00,000 | 66,11,667 | 1,34,00,000 | 40,75,000 |
| 18 | लद्दाख (यूटी) | 22,00,000 | 20,00,000 | - | 30,00,000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | लक्षद्वीप (यूटी) | - | - | - | 9,37,500 |
| 20 | मध्य प्रदेश | - | 3,08,00,000 | 2,11,14,072 | 61,20,212 |
| 21 | महाराष्ट्र | 32,00,000 | 3,38,00,001 | 1,40,60,118 | 2,28,00,000 |
| 22 | मणिपुर | 6,42,500 | 1,22,00,000 | 10,00,000 | 1,83,61,296 |
| 23 | मेघालय | - | 1,26,00,000 | - | 1,14,00,000 |
| 24 | मिजोरम | - | 14,00,000 | 4,00,000 | 1,65,00,000 |
| 25 | नगालैंड | 28,00,000 | 1,08,00,000 | - | 2,75,00,000 |
| 26 | ओडिशा | 2,00,000 | 5,00,000 | - | 1,75,00,000 |
| 27 | पुदुचेरी (यूटी) | - | - | - | 28,00,000 |
| 28 | पंजाब | 8,00,000 | 22,00,000 | 15,00,000 | 2,47,51,370 |
| 29 | राजस्थान | 16,00,000 | 50,00,000 | - | 3,26,62,062 |
| 30 | सिक्किम | - | 49,00,000 | - | 75,00,000 |
| 31 | तमिलनाडु | 2,00,000 | 5,00,000 | 1,99,25,000 | 2,04,05,892 |
| 32 | तेलंगाना | - | 14,00,000 | 1,25,00,000 | 1,32,99,690 |
| 33 | त्रिपुरा | 6,00,000 | 15,00,000 | 70,00,000 | 21,00,000 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 5,49,69,167 | 45,00,000 | 38,25,000 | 4,64,75,000 |
| 35 | उत्तराखंड | 10,07,167 | 20,00,000 | 1,08,00,000 | 1,75,00,000 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | - | - | - | 1,70,38,536 |
| | कुल योग | 10,50,73,834 | 22,28,35,835 | 17,13,99,190 | 60,81,82,817 |

*****